भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1735

जिसका उत्तर दिनांक 08.12.2021 को दिया जाना है

परमाणु खनिज

1735. श्री संतोष पान्डेय :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को छत्तीसगढ़ के कवर्धा और राजनंदगांव जिलों के मगरकुंड-कोल्लारी और लोहारा-डोंगरगांव क्षेत्रों में परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के लिए खनिज मिले हैं;

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार के खनिजों के मिलने की संभावना है; और

(ग) क्या खनन कार्य शुरू कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

<u>**उत्तर**</u>

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह)</u> :

(क) तथा (ख) जी, हां । परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी), परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) की एक संघटक इकाई है जिसका अधिदेश देश के नाभिकीय विद्युत कार्यक्रम के लिए यूरेनियम, थोरियम, नीयोबियम, टेन्टेलम, बेरीलियम, लिथियम, जिर्कोनियम, टिटेनियम और यूरेनियम एवं थोरियम युक्त दुर्लभ पदार्थ को पहचानना, मूल्यांकन और संवर्धन करना है । छत्तीसगढ़ के कवर्धा और राजनंदगांव जिलों के अधीन मगरकुंड-कोल्लारी और लोहारा-डोंगरगांव क्षेत्रों में एएमडी द्वारा की गई सतह भूवैज्ञानिक और रेडियोमितीय अन्वेषणों से यूरेनियम खनिजों के लिए उत्साहवर्धक परिणाम मिले हैं और क्षेत्र में पाए जाने की संभावना है ।

(ग) जी, नहीं ।

* * * * *